JALAUN POLICE

दिनांक – 25.05.2026

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण में अवैध खनन, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन तथा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद जालौन में पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी जालौन, अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, क्षेत्राधिकारी कालपी, क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी सदर एवं कालपी, खनन अधिकारी तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है, जिससे अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के दौरान ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों तथा बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही का विवरण निम्नलिखित है—

1. कुल सीज वाहनो की संख्या- 38
2. कुल चालन किये गये वाहनो की संख्या- 54

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग अथवा अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन या संबंधित अधिकारियों को प्रदान करें, जिससे त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।